NEWS RELEASE

कनाडा सरकार ने बजट 2023 जारी किया

सँघीय बजट कनाडा वासियों के लिए एक मजबूत मध्यम वर्ग, एक सस्ती अर्थव्यवस्था और एक स्वस्थ भविष्य का समर्थन करेगा

मार्च 28, 2023 | औटवा, ओनटारियो | वित्त विभाग कनाडा

आज माननीय क्रिस्टिया फ्रीलैंड, Honourable Chrystia Freeland उप प्रधान मन्त्री और वित्त मन्त्री ने विमोचन किया *बजट 2023 – मेड इन कनाडा पलैन: एक मजबूत मध्यम वर्ग, एक सस्ती अर्थव्यवस्था और एक स्वस्थ भविष्य*

कनाडा ने कोविड मंदी से उल्लेखनीय सुधार किया है। कनाडा का आर्थिक विकास पिछले वर्ष की तुलना में G7 में सबसे मजबूत था, और आज महामारी से पहले की तुलना में 830,000 अधिक कनेडीअन कार्यरत हैं। कनाडा में इनफलेशन लगातार आठ महीनों तक गिरी है, हमारा बेरोजगारी दर अपने रिकार्ड निचले स्तर के करीब है, और, सस्ती प्रारंभिक शिक्षा और बाल देख भाल की कनाडा व्यापी प्रणाली द्वारा समर्थित, 25 से 54 वर्ष की महिलायों के लिए श्रम बल भागीदारी दर फरवरी में 85.7 प्रतिशत के रिकार्ड उच्च स्तर पर पहुंच गई।

बजट 2023 इस महत्वपूर्ण प्रगति पर आधारित है।

नई गरोसरी छूट के माध्यम से बजट 2023, 11 मिलीयन कनेडीअन और उन परिवारों के लिए राहत प्रदान करता है जिन्हें इसकी सब से अधिक अवशयकता है, बच्चों के साथ योग्य जोडों के लिए अतिरिक्त 467 डालर तक; बच्चो के बिना एक कनेडीयन के लिए अतिरिक्त 234 डालर और सीनीअर के लिए औसतन 225 डालर अतिरिक्त। सरकार छिपी जंक फीस और लुटेरे उधार पर नकेल कसने के लिए भी कारवाई करती है, छोटे बिजनैस के लिए कम करैडिट कारड लेनदेन शुल्क और कनाडा के लोगों को अपनी जेब में अधिक पैसा रखने में मदद करें।

कनाडा की पबलिक हैलथ प्रणाली को मजबूत करने के लिए बजट 2023 बकाया राशी को कम करने, परिवार स्वास्थय सेवाओं तक पहुंच का विस्तार करने और प्रांतों और क्षेत्रों को उच्च कुआलटी और समय पर स्वास्थय देख भाल प्रदान करने के लिए 198.3 बिलियन डालर प्रदान करता है जिसकी कनेडीयन अपेक्षा करते हैं और इसके लायक हैं। बजट 2023 में सरकार एक नई कनेडीयन डैंटल केयर योजना भी पेश करती है जिससे नौ मिलियन कनेडीयन लोगों को लाभ होगा और यह यकीनन होगा कि किसी भी कनेडीयन को अपने दांतों की देख भाल करने और महीने के अंत में बिलों का भुगतान करने के बीच चुनाव ना करना पडे।

बजट 2023 कनाडा की स्वच्छ अर्थव्यवस्था के निमार्ण, जलवायू परिवर्तन से लडने, और कनाडा के बिजनैस और कनेडीयन वरकरों के लिए नए अवसर पैदा करने के लिए परिवर्तनकारी निवेश करता है। इसमें महत्वपूर्ण उपाय शामिल हैं जो स्वच्छ और सस्ती ऊर्जा प्रदान करेंगे, हमारे समुदायों में निवेश का समर्थन करेंगे और अच्छे वेतन वाली नोकरियों का निमार्ण करेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि कनाडा के कर्मचारी उन वस्तुओं और संसाधनों का उत्पादन और आपूर्ति करने में सक्षम हैं जिनकी कनाडा और हमारे सोहयोगीयों को जरुरत है।

एक जिम्मेदार वित्तीय योजना के साथ जो कनाडा को जी 7 में सब से कम घाटा और सब से कम करजे से जी डी पी अनुपात बनाए रखेगा, बजट 2023 एक ऐसे कनाडा के निमार्ण में मदद करेगा जो तट के लोगों के लिए अधिक सुरक्षित अधिक टिकाऊ और अधिक किफायती हो, एक तट से दूसरे तट तक।

उद्धरण

“ मैं अपने देश के भविष्य को लेकर आज जितनी आशावादी हूं, उतना पहले कभी नहीं थी। बजट 2023 उन कनेडीयन लोगों के लिए नई लक्षित मुद्रास्फीति राहत प्रदान करेगा, जिन्हें इसकी सब से अधिक आवयशक्ता है; लाखों कनेडीयन लोगों के लिए दंत चिकित्सा देख भाल सहित मजबूत सार्वजनिक स्वास्थय देख भाल; और कनाडा की स्वच्छ अर्थव्यवस्था के निमार्ण के लिए जरुरी निवेश। एक चुनौतीपूर्ण दुनिया में एक चुनौतीपूण समय में, कनाडा से बेहतर कोई जगह नहीं है”

माननीय क्रिस्टिया फ्रीलैंड, उप प्रधान मन्त्री और वित्त मन्त्री

सबंधित उत्पाद्

- *बजट 2023: एक मेड इन कनाडा योजना: मजबूत मिडल कलास, सस्ती अर्थव्यवस्था, स्वस्थ भविष्य*
- बजट 2023: उप प्रधान मन्त्री और वित्त मन्त्री द्वारा संबोधन
- पृष्ठभूमि: मजबूत पबलिक हैलथ केअरBackgrounder: Stronger Public Health Care
- पृष्ठभूमि: जीवन को अधिक किफायती बनाना
- पृष्ठभूमि: घर कहने के लिए एक किफायती जगह
- पृष्ठभूमि: एक मेड इन कनाडा योजना: सस्ती ऊर्जा, अच्छी नौकरियां, और बढ़ती स्वच्छ अर्थव्यवस्था
- पृष्ठभूमि: सुलह को आगे बढ़ाना
- पृष्ठभूमि: मजबूत और अधिक समावेशी समुदाय
- पृष्ठभूमि: सेवा वितरण में सुधार

संपर्क

मीडिया संपर्क कर सकता है:
Adrienne Vaupshas
प्रैस सविच
उप प्रधान मन्त्री और वित्त मन्त्री का कार्यालय
Adrienne.Vaupshas@fin.gc.ca

मीडिया के संबंध
वित्त विभाग कनाडा
mediare@fin.gc.ca
613-369-4000

सामान्य पूछताथ
फोन: 1-833-712-2292
टी टी वाई: 613-369-3230
financepublic-financepublique@fin.gc.ca